तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

3 तामेश्वर नगर हवाई पट्टी के उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम, लोगों में जगी उम्मीद



## खबर संक्षेप

### साप्ताहिक बाजार में कीचड़ से परेशानी



**कटगोड़ी।** जिले के ग्राम पंचायत कटगोड़ी के सप्ताहिक बाजार में कीचड़ से लोग परेशान हैं, व्यापारी वर्ग बुजुर्ग महिला बच्चे सभी वर्ग के लोग जल भराव और कीचड़ से परेशान हैं, पिछले वर्ष में बरसात में यही हाल था और अब तक सुधार नहीं हो पाया, लोग विवश हैं कोई अधिकारी या संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहे हैं, बाजार में जाने के लिए दो रास्ते हैं, एक मेन रोड से उसमे भी गड्ढा हो गया है और पानी भर जाने से पिकअप ऑटो में समान ले जाने में व्यापारियों को कीचड़ के वजह से बहुत परेशान होते हैं, दूसरा रास्ता है आईटीआई रोड से इधर से भी वही हाल है।

### लगातार बारिश से दुकान की छत ढही



**कोरिया कालरी।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब जनजीवन के साथ छोटे व्यापारियों पर भी दिखाई देने लगा है। कोरिया कालरी के बाजारपारा स्थित एक छोटी किराना दुकान की छत अचानक ढह गई, जिससे दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार, दुकान संचालक अशोक गुप्ता अपनी छोटी सी किराना दुकान से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। लगातार बारिश के कारण दुकान की छत कमजोर होकर भरभराकर गिर गई। घटना के समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन गरीब दुकानदार की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। दुकान क्षतिग्रस्त होने से व्यापार प्रभावित हो गया है और आर्थिक नुकसान भी हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित दुकानदार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह अपनी दुकान दोबारा शुरू कर सके और परिवार का पालन-पोषण सुचारु रूप से कर सके।

### कलेक्टर ने एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नगर परिषद अमरकंटक स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था एवं वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन की समीक्षा की,इस दौरान उन्होंने कचरा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं निष्पादन की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर पंचोली ने कहा कि अमरकंटक प्रदेश की महत्वपूर्ण पर्यटन एवं धार्मिक नगरी है, इसलिए यहां स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का शत-प्रतिशत स्रोत स्तर पर पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जा सके।

### कलेक्टर के साथ स्कूली बच्चों ने किया शुभारंभ, 4 हेक्टेयर में भूजल संवर्धन कार्य

# अमरुद का पौधा लगाकर फलोद्यान की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कोरिया जिले ने एक अभिनव कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को 4 हेक्टेयर भूमि पर पौधे लगाए जाने की शुरुआत की है। स्व सहायता समूह की महिलाओं और स्कूली बच्चों को साथ लेकर ग्राम किशोरी में एक हजार फलदार पौधों का रोपण किया।

जिले की हरीतिमा को बचाए रखने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम पंचायत किशोरी में 4 हेक्टेयर क्षेत्रफल में एक हजार फलदार पौधे लगाए गए हैं जो आने वाले समय में लाभ का केन्द्र बनेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास और जनपद पंचायत सोनहत के सीईओ मनोज कुमार जगत उपस्थित रहे। 24 जुलाई को ग्राम पंचायत किशोरी में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में दो विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलासरई और माध्यमिक विद्यालय किशोरी से आए सैकड़ों बच्चों ने कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के साथ मिलकर फलदार पौधों का रोपण किया। सभी ने उत्साह से पौध रोपण कर आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कलेक्टर श्रीमती यादव ने ग्राम पंचायत किशोरी में अमरूद का पौधा लगाकर 4 हेक्टेयर में फलोद्यान तैयार करने की शुरूआत की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ योगेंद्र श्रीवास ने कटहल का पौधा लगाया। यंहा उपस्थित महिलाओं को फलदार पौधे लगाने के दोहरे फायदे से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह उद्यान पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही आपको हर मौसम में आर्थिक लाभ भी देगा। कलेक्टर कोरिया ने ग्राम सरपंच बबन के साथ भी संवाद किया और जनपद पंचायत सीईओ को इस क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर कोरिया का बच्चों ने बड़े उत्साह से स्वागत किया। कलेक्टर ने कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा माया सिंह और कक्षा नवमी के छात्र रवि चंद्र से आत्मीय संवाद करते हुए उनके विषय पूछे और पढ़ाई में आ रही दिक्कतों पर भी बात की।





अभियान के शुरुआत के दौरान उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

**भूजल संवर्धन के लिए 950 संरचनाएं:** ग्राम पंचायत किशोरी में 4 हेक्टेयर भूमि पर जल संरक्षण और भूजल संवर्धन हेतु 50 बोल्डर चेक, 50 रिचार्ज पिट, 600 से ज्यादा कंटूर ट्रेंच के साथ 250 से अधिक थर्टी फोर्टी मॉडल बनाए गए हैं। इससे पूरे क्षेत्र होने वाली बारिश का पूरा जल भूमिगत करने की योजना है।

### जल संरक्षण की मिसाल बनी 18वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी

■ 2100 से अधिक पौधों को मिलेगा संजीवनी

एमसीबी जिले में 18वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, चैनपुर जिला एमसीबी द्वारा बीते छह माह से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयास अब वर्षा ऋतु में सार्थक परिणाम देने लगे हैं। वाहिनी परिसर में निर्मित स्टॉप डैम में वर्षा जल का भरपूर संचयन होने से न केवल भू-जल स्तर में वृद्धि की संभावना मजबूत हुई है, बल्कि परिसर में लगाए गए हजारों पौधों के संरक्षण के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो गया है। वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर संजय शर्मा के नेतृत्व में राजपत्रित अधिकारी के.सी. मिंज, अविनाश अग्निहोत्री, देवनारायण सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं जवानों के सामूहिक प्रयासों से जल संरक्षण की यह अभिनव पहल सफल होती दिखाई दे रही है। अधिकारियों एवं जवानों द्वारा बनाए गए स्टॉप डैम के माध्यम से लगभग 90 मीटर लंबे एवं 12 मीटर चौड़े नाले में 6 से 8 फीट की गहराई तक लगभग 3000 घनमीटर वर्षा जल का संचयन हो चुका है। इस जल संचयन से क्षेत्र में भू-जल स्तर बढ़ने की संभावना के साथ-साथ गर्मी के मौसम में भी वाहिनी परिसर में लगाए गए 2100 से अधिक पौधों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।





# चिरमिरी में आवारा कुत्तों का आतंक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

■ मेन रोड पर फिर गाय के बछड़े पर हमला

नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी में वार्ड क्रमांक 8 स्थित मितवा नगर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

शुक्रवार को एक बार फिर मेन सड़क पर एक गाय के मासूम बछड़े पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बछड़ा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे पहले भी इस गंभीर समस्या की सूचना नगर निगम चिरमिरी और स्थानीय पुलिस चौकी को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रहवासियों के अनुसार, अब तक कुत्तों के झुंड चार बंदरों और तीन गाय के बछड़ों को अपना शिकार बना चुके हैं। इसके बावजूद न तो नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने की प्रभावी मुहिम चलाई गई और न ही वन विभाग ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम उठाया। स्थानीय नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में किसी बच्चे या राहगीर पर भी हमला हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। लोगों ने नगर निगम, वन विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों के आतंक पर रोक लगाने, घायल बछड़े का उपचार कराने तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार विभाग कब जागेंगे?

# एफसी क्लब चिरमिरी पहुंची फाइनल में

■ रात्रिकालीन विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता

**डोमनहिल।** अमर कुंज क्रीड़ांगन, डोमनहिल में एमसीबी फुटबॉल क्लब एवं चिरमिरी फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला रात्रिकालीन विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच एफसी क्लब चिरमिरी एवं सूरजपुर जिला के केदारपुर टीम के बीच खेला गया दोनों टीमों के बीच शुरू से ही तेज और संघर्षपूर्ण खेल देखने को मिला, लेकिन एफसी क्लब चिरमिरी ने शानदार तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए केदारपुर की टीम को 3-0 से पराजित कर प्रतियोगिता में प्रभावशाली जीत दर्ज फाइनल मैच में अपनी स्थान बना ली है। मुकाबलों का शुभारंभ पूर्व महापौर के डमरु रेड्डी एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी सुनील कुमार ने मुकाबलों का आंखों देखा हाल प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं निर्णायक की भूमिका रणधीर ठाकुर, चंद्रशेखर पोलई, पूरन सिंह, संदीप पटेल सहित अन्य रेफरियों ने निष्पक्ष रूप से निभाई। रात्रिकालीन विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, युवा और स्थानीय नागरिक अमर कुंज क्रीड़ांगन पहुंच रहे हैं।



### ऑनलाइन सुरक्षा प्रशिक्षण में बालिकाओं को मिली जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की लोकप्रिय योजना ३बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ३ के अंतर्गत ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाना, डिजिटल दुनिया में सुरक्षित व्यवहार की जानकारी देना तथा महिला सुरक्षा, विधिक अधिकार एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निदेर्शानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के सहयोग से किया गया।

# पीएम श्री एकलव्य विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ

**चिरमिरी।** जिले के खड़गवां विकासखंड स्थित पीएम श्री एकलव्य आवासीय विद्यालय, पोडीडीह में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें तथा अपने विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में की गई घोषणा के अनुरूप विद्यालय के स्मार्ट क्लास के लिए स्पीकर, माइक सिस्टम एवं स्मार्ट एलईडी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने फीता काटकर स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया और आधुनिक शिक्षण सुविधाओं को विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के करकमलों से विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।

## नीट-2026 के मेधावियों का चित्रगुप्त मंदिर में सम्मान

**मनेन्द्रगढ़।** कायस्थ महासभा एवं ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में नीट-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में छात्रों को स्मृति चिन्ह (मेमोंटो) एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज की ओर से आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलम के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त की विधि-विधान से महाआरती एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात नीट-2026 में शानदार सफलता हासिल करने वाले आदित्य अग्रवाल (पिता- अतुल अग्रवाल, माता- रागिनी अग्रवाल), निपुण जैन (पिता- प्रवीण जैन, माता- अंजू जैन), अनुराग मिश्रा (पिता- भूपेंद्र कुमार मिश्रा, माता- सरस्वती मिश्रा), ⏭ शेष पेज 4 पर



### प्लास्टिक मुक्त ग्रामों की दिशा में आगे बढ़ रहा एमसीबी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में संचालित प्रयासों के तहत आज सरगुजा संभाग के उपायुक्त आर.के. खूंटे ने चनवारीडांड स्थित प्लास्टिक प्रतिबंध इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इकाई में संचालित विभिन्न गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण, पृथक्करण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री खूंटे ने इकाई के संचालन, प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण, छंटाई, प्रसंस्करण एवं सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## बिजुरी-मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग बना 'मौत का कुआं'

■ वार्ड नं. 8 में गड्ढे या सड़क ढूंढना हुआ मुश्किल, हादसों को न्योता दे रहा जलभराव

**बिजुरी।** एक तरफ जहां जिला प्रशासन विकास के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं दूसरी तरफ बिजुरी-मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग के वार्ड क्रमांक 08 की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। स्थिति यह है कि इस मुख्य मार्ग को देखकर यह पहचान पाना मुश्किल हो गया है कि सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों के बीच कहीं सड़क बची है! बारिश के इस मौसम में यह सड़क किसी भयानक दलदल और हादसों के जाल में तब्दील हो चुकी है। बिजुरी-मनेंद्रगढ़ मार्ग केवल एक स्थानीय रास्ता नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक रीढ़ की हड्डी है। रोजाना मनेंद्रगढ़ जिले समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग बिजुरी मार्केट में दैनिक जरूरतों और व्यापार के सिलसिले में आते हैं। मुख्य मार्ग के वार्ड नं. 08 में प्रवेश करते ही वाहन चालकों का ⏭ शेष पेज 4 पर



### कांग्रेसियों ने नगर पंचायत सीएमओ को सौंपे ज्ञापन

# प्रस्तावित जलकर और मकान टैक्स बढ़ोतरी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पटना नगर पंचायत में जलकर बढ़ाने और मकान टैक्स लागू करने की तैयारी का विरोध तेज हो गया है। सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकतार्ओं एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जलकर की प्रस्तावित बढ़ोतरी वापस लेने तथा मकान टैक्स लागू नहीं करने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद अब तक क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। उनका आरोप है कि नगर पंचायत का पहला वर्ष अध्यक्ष और तत्कालीन सीएमओ के बीच खींचतान में ही निकल गया। अब नए सीएमओ के कार्यभार संभालते ही जनता पर नए करों का बोझ डालने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री ने कहा कि नगर पंचायत पहले मूलभूत सुविधाएं बेहतर बनाए, उसके बाद कर बढ़ाने पर विचार करे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों को न तो बेहतर पेयजल व्यवस्था मिल रही है और न ही अन्य नागरिक सुविधाओं में अपेक्षित सुधार हुआ है। इसके बावजूद जलकर को 100 रुपये से बढ़ाकर 180 रुपये करने और मकान टैक्स लगाने का प्रस्ताव जनता के हित में नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जलकर वृद्धि और मकान टैक्स लगाने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री, पार्षद परेश सिंह, पार्षद वसीम खान, मोहम्मद इजराफिल खान, रईस खान, विक्कू पांडे, दिनेश शर्मा, अमन देवांगन, अजीमुल्ला खान, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष विजय सिंह, नारायण सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारीलाल राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



सीएमओ को ज्ञापन सौपते कांग्रेसी।

## आरकेवीवी विद्यापीठ में मना 27 वां स्थापना दिवस मना



**बिजुरी।** एसईसीएल हसदेव क्षेत्र स्थित कपिलधारा के रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ (आरकेवीवी) में विद्यालय का 27 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इसी दिन वर्ष 1999 में विद्यालय की स्थापना हुई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के विवेकानंद सभागार में वैदिक मंत्रोच्चार और सरस्वती वंदना के साथ मुख्य समारोह प्रारंभ हुआ। समारोह में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कुरजा उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक वीके रैकवार तथा कार्मिक ⏭ शेष पेज 4 पर



# 3 घंटे में जननायकन ने छू लिया देश का हर मुद्दा

**नई दिल्ली।** थलापति विजय की तीन घंटे तीन मिनट की फिल्म जननायकन रिलीज हो गई है। फिल्म ने देश का मुद्दा छू लिया है। ये पूरी तरह से एक मासी फिल्म है जिस तरह की फिल्मों के लिए विजय को पहचाना जाता है। फिल्म में भ्रष्टाचार की मिसाल के तौर पर प्रमुखता से आते हैं प्रकाश राज. किस तरह से राजनीति के नाम पर जनता को ठगा जाता है और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जाता है, उसके वो प्रतीक हैं। अक्सर नकली शराब से लोगों की मौत की खबरें आती है। फिल्म में जब थलापति विजय इंस्पेक्टर होते हैं तो वो जहरीली शराब पर लगाम कसने की कोशिश करते हैं और कामयाब भी होते हैं।

लाइफ Style

# तेजस्विनी

## आईवीएफ से बदल गया शरीर का शेफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मॉडल और एक्ट्रेस तेजस्विनी कोल्हापुरे ने पहली बार आईवीएफ के दौरान झेली गई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की है। पद्मिनी कोल्हापुरे की छोटी बहन और श्रद्धा कपूर व सिद्धांत कपूर की मौसी तेजस्विनी ने बताया कि मां बनने का उनका सफर बिल्कुल आसान नहीं था। उन्होंने कहा, 'इसका मुझ पर शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत बुरा असर पड़ा।

मैं तब जैसी थी और अब जैसी हूं, उसमें काफी फर्क आ गया है। मानसिक रूप से मैं पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हूं। शारीरिक रूप से, इतने सारे इंजेक्शन की वजह से मेरे शरीर का आकार ही बदल गया है। मैंने 1000 से ज्यादा इंजेक्शन लगवाए। अगर आपकी प्रेग्नेंसी पॉजिटिव आती है तो इंजेक्शन बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन, मेरा नहीं हुआ। इसलिए, मैंने इसे पांच बार किया। पांचवीं बार मैं लकी रही। इस बीच मेरे दो मिसकैरेज हुए। आप मानसिक रूप से टूट जाते हैं। यह एक मुश्किल वक्त था।' उन्होंने कहा कि आईवीएफ के दौरान उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा और यह उनके जीवन का सबसे कठिन समय था। तेजस्विनी ने बताया कि उन्होंने एक-दो नहीं बल्कि पांच बार आईवीएफ कराया। उनके मुताबिक यह प्रक्रिया बेहद दर्दभरी होती है और हर बार क्लिनिक जाकर इंजेक्शन लगवाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंसान को मानसिक रूप से बहुत मजबूत बनना पड़ता है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि अगर संभव हो तो 35 साल की उम्र से पहले परिवार बढ़ाने की योजना बना लेनी चाहिए।



हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक की रिलीज डेट का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** रैप आइकन और एक्टर स्नूप डॉग की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक अब आधिकारिक तौर पर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूनिवर्सल पिक्चर्स इस फिल्म को 6 अगस्त 2027 को रिलीज करेगा। यह फिल्म स्नूप डॉग के एक कलाकार से लेकर बड़े म्यूजिक मोगुल और गैंगस्टा रैप आइकन बनने तक के सफर को दिखाएगी। इस फिल्म को क्रेग ब्रेवर डायरेक्ट करेंगे, जो 'हसल एंड फ्लो' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। स्क्रिप्ट को उन्होंने जो रॉबर्ट कोल की ओरिजिनल कहानी पर दोबारा लिखा है।



# डेडपूल में फिर वेड विल्सन बनकर लौटेंगे रयान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने कन्फर्म किया है कि नई 'डेडपूल' फिल्म पर काम शुरू हो चुका है और वह एक बार फिर वेड विल्सन के किरदार में नजर आएंगे। रयान ने यह जानकारी फैनैटिक्स फेस्ट 2026 के दौरान दी। इससे पहले वह ह्यू जैकमैन के साथ 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में नजर आए थे, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इवेंट के दौरान रयान ने कहा कि फिल्मों में अभी भी कॉमिक्स के कई दिलचस्प हिस्से दिखाना बाकी है। उन्होंने बताया, 'ऐसी कई चीजें हैं जो फिल्मों में अभी तक नहीं दिखीं। कुछ शानदार काम फैबियन निकीजा और गेरी डगन जैसे राइटर्स ने किया है, जिन्हें मैं बहुत पसंद करता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'कुछ नया आने वाला है और हां, आगे चलकर एक और 'डेडपूल' फिल्म जरूर बनेगी। यह बहुत शानदार होगी।'



# कहां चले गए.. गाने में प्रीति की आंखें नम


**मुंबई।** 'बंटवारा 1947' का पहला गाना 'कहां चले गए हो राम' रिलीज हो गया है। यह एक दिल को छू लेने वाला म्यूजिकल ट्रिब्यूट है जो फिल्म की इमोशनल कहानी को दिखाता है। यह गाना फिल्म की इमोशनल भावना को बहुत अच्छे से दिखाता है और एक मां के प्यार, तड़प और अटूट विश्वास को दिल को छू लेने वाले अंदाज में पेश करता है। वीडियो की शुरुआत सनी देओल और प्रीति जिंटा के शबाना आजमी के पीछे खड़े होने से होती है, जो भगवान राम से पूरे दिल और शालीनता के साथ प्रार्थना कर रही हैं। इसके बाद एक शानदार पार्टी के सीन दिखाए जाते हैं। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है और इसके बोल मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं। इस दिल को छू लेने वाले गाने को अनुराधा पौडवाल और शान की सदाबहार आवाजों ने जीवंत किया है।




# रोमांचकम का पहला गाना रिलीज...

**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक वेणु गोपाल रेड्डी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'रोमांचकम' का पहला गाना 'राधा रमना' गुरुवार को रिलीज कर दिया गया। गाने को वासुकी वैभव ने अपनी आवाज देने के साथ-साथ संगीतबद्ध भी किया है और बोल चंद्रबोस ने लिखे हैं। कुछ हफ्ते पहले निर्माताओं द्वारा फिल्म की एक झलक जारी किए जाने के बाद फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। इसकी शुरुआत में सुमंत प्रभास और अनंतिका सनिल कुमार के किरदारों को एक-दूसरे के प्यार में पूरी तरह डूबा हुआ दिखाया गया है। शुरुआत देखकर लगता है कि यह जोड़ी एक-दूसरे के लिए ही बनी है, लेकिन वीडियो के दूसरे हिस्से में दोनों किरदार एक-दूसरे से नफरत करने लगते हैं। फिल्म में अभिनेता उपेंद्र लिमये का किरदार भी दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाता है।

टीवी मसाला



# दूरदर्शन के इस शो ने बच्चे-बच्चे को था सुधारा

**नई दिल्ली।** 90 के दशक का पॉपुलर शो 'शक्तिमान' बच्चों का पसंदीदा शो था। जब टीवी पर शक्तिमान आता तो मोहल्ले की गलियों शांत हो जातीं। ये शो आज भी कई लोगों की यादों में ताजा है। शो में मुकेश खन्ना ने दो अलग-अलग किरदार निभाए थे। एक किरदार था सुपर शक्तिमान और दूसरा फिल्म जर्नलिस्ट पंडित गंगाधर विद्याधर मायाधर ओंकारनाथ शास्त्री. यह शो न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करता था बल्कि बच्चों को अच्छी बातें भी सिखाता था। बच्चों का यह फेवरेट सुपरहीरो सीरियल केवल और केवल मुकेश खन्ना की मेहनत का नतीजा था। इस शो के लिए मुकेश ने सब कुछ दांव पर लगा दिया। फंड की कमी हुई तो उन्होंने कर्ज तक लिया। मुकेश खन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया कि शो बनाने का आइडिया उनके पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे के खिलौनों को देखकर आया। बच्चा अपने खिलौनों के साथ खेलता ही नहीं, उन्हें साफ-सुथरा भी रखता था। इससे उनके मन में भारत का अपना सुपरहीरो कैरेक्टर बनाने का ख्याल जगा। उस समय सुपरहीरो शो बनाने के लिए काफी पैसे की जरूरत थी, जो उनके पास नहीं था। ऐसे में उन्होंने एक शख्स से 75 लाख रुपए उधार लिए। शो सक्सेसफुल होने के बाद उन्होंने वे पैसे लौटाए और उस शख्स ने मुकेश से कोई ब्याज भी नहीं लिया। 13 सितंबर 1997 को दूरदर्शन पर शुरू हुआ 'शक्तिमान' जल्द ही बच्चों का पसंदीदा शो बन गया। इसकी टीआरपी भी बहुत अच्छी थी। लेकिन, शो की सक्सेस के साथ दूरदर्शन ने टेलीकास्ट फीस बढ़ा दी, जिससे मुकेश खन्ना को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## रात होते ही इस शहर में निकल आते हैवान

**नई दिल्ली।** अगर आपको वेब सीरीज देखना पसंद है और आपकी फेवरेट लिस्ट में डार्क, स्ट्रेंजर थिंग और लॉस्ट जैसी मिस्ट्री और हॉरर वेब सीरीज शामिल हैं, तो फ्रॉम आपके लिए एक परफेक्ट बिंज वॉच सीरीज साबित हो सकती है। अगर आप भी लंबी वेब सीरीज की तलाश मे हैं तो ये आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। साल 2022 में अमेजन प्राइम वीडियो पर आई फ्रॉम को दुनिया की सबसे फेमस हॉरर-मिस्ट्री सीरिजों में से एक में गिना जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसके हर सीजन में आपको एक अलग ही एंगल देखने को मिलेगा और इसका रहस्य गहराता जाएगा। ये कहानी है एक ऐसे रहस्यमयी छोटे शहर की है जहां पहुंच जाने पर उस शहर से कोई कभी वापस नहीं जा पाता है। इस शहर से बाहर निकलने के लिए कोई भी रास्ता चुनो, लेकिन वापस वो आपको उसी जगह पर ले आता है




# इस वीकएंड ओटीटी पर देख पाएंगे दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमाघरों में हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी धमाका कर रही है। विजय की फिल्म जन नायकन भी दस्तक दे चुकी है। मनोरंजन के शौकीनों के पास बारिश के इस सुहाने मौसम में थिएटर जाने के पर्याप्त विकल्प हैं। लेकिन, वीकएंड पर अगर आप घर बैठे ओटीटी पर ही कुछ शानदार सिनेमा देखना चाहते हैं तो इस बार ओटीटी पर भी खूब बहार रहेगी।

### आदर्श बाल विद्यालय

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय आप इस वीकएंड देख सकते हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर 24 जुलाई से स्ट्रीम होगी। सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे।

### मुसाफिर कैफे

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक की बहुप्रतीक्षित



सीरीज है। यह इस फ्राइडे रिलीज हो रही है। इसकी कहानी चंदर (विक्रांत मैसी) सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### पल्लीचट्टंबी

टोविनो थॉमस और कायाडू लोहार की मलयालम भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'पल्लीचट्टंबी' भी इस शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 24 जुलाई से यह सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

### स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स'

'स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स' भी 24 जुलाई से ओटीटी पर आ रही है। यह 'द बिग बैंग थ्योरी' के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी साइंस-फिक्शन कॉमेडी सीरीज है, जिसके 10 एपिसोड्स हैं। इसमें स्टुअर्ट ब्लूम (केविन सुसमन) को एक बहु-ब्रह्मांडीय संकट से दुनिया को बचाना है। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### ब्लीच-थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर

इसका लुत्फ भी आप इस वीकएंड उठा सकते हैं। यह सीरीज 25 जुलाई, 2026 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस शो की पूरी कहानी सोल रीपर्स और क्विंसी साम्राज्य की आपसी दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 72 आवर्स

यह एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन टिम स्टोरी ने किया है। इसमें केविन हार्ट लीड रोल में हैं। उनके अलावा मार्सेलो हर्नांडिज, मेसन गुडिंग, कैम पैटरसन, बेन मार्शल सहित कई और सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# किल के बाद बदल गया लोगों का नजरिया : राघव

मुंबई। एक वक्त था, जब ज्यादातर लोग राघव जुयाल को डांसर, एंकर या टीवी चेहरे के तौर पर जानते थे। फिर साल 2024 में आई फिल्म 'किल'। इसमें निभाए उनके किरदार ने न सिर्फ ऑडियंस को चौंकाया, बल्कि इंडस्ट्री को भी उन्हें नए नजरिए से देखने पर मजबूर कर दिया। अब राघव पहली बार फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में लीड हीरो बनकर बड़े पर्दे पर आ रहे हैं। हालांकि, इस पूरे सफर में अगर कोई चीज उन्हें सबसे ज्यादा खुशी देती है, तो वह माता-पिता के चेहरे पर दिखने वाला गर्व है। राघव कहते हैं कि संघर्ष उन्होंने पहले भी किया था, लेकिन 'किल' के बाद पहली बार उन्हें महसूस हुआ कि लोग उन्हें अलग नजर से देखने लगे हैं। 'जब आप एक कदम आगे बढ़ते हो तो सबको प्रूव करना पड़ता है। मां-बाप को भी और इंडस्ट्री को भी। मुझे भी प्रूव करना पड़ा। 'किल' के बाद मेरे लिए लोगों का परसेप्शन रातों-रात बदल गया। ऐसा बदलाव मैंने अपने एक्सपीरियंस में पहले कभी नहीं देखा था। कपिल शर्मा भाई ने भी मुझसे कहा था कि 'जो परसेप्शन चेंज तू कर रहा है, वो बहुत अलग है।' टीवी इंडस्ट्री के जितने भी लोग थे, सबने फोन किया। सब कह रहे थे कि पता नहीं क्यों, लेकिन ऐसा लग रहा था कि हमने भी ये क्रैक कर दिया। वो इमोशन मेरे लिए बहुत बड़ा था।' राघव मानते हैं कि उनके करियर की सबसे बड़ी ताकत टैलेंट से पहले आत्मविश्वास रहा। 'यही चीज मुझे मोटिवेट करती रही कि मैं हमेशा अपने ऊपर भरोसा करता रहा। इतने साल साइड में रहा, लेकिन मेरे अंदर से कभी ये चीज नहीं गई कि मुझे यही बनना है। मैं कभी मीडियोकर माइंडसेट में नहीं रहा। 16 साल बहुत लंबा वक्त होता है, लेकिन जब तुम अंदर से सोच लेते हो कि तुम यही हो, तो धीरे-धीरे बाहर भी वही होने लगता है।' राघव अपने संघर्ष को किसी शिकायत की तरह नहीं, बल्कि सीख की तरह देखते हैं। 'लाइफ में अनफेयर चीजें होती हैं।



## रंग दे बसंती से लेकर युवा तक, सोशल मीडिया में कई फिल्मों के सीन हो रहे वायरल

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखा विरोध प्रदर्शन का नया रूप

*नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इन दिनों रंग दे बसंती से लेकर द लीजेंड ऑफ भगत सिंह जैसी फिल्मों के कई सीन वायरल हैं। वजह है दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहा विरोध प्रदर्शन। प्रदर्शन के अलावा सोशल मीडिया पर विरोध जताने के लिए यूजर्स कई फिल्मों के अहम सीन भी शेयर करके अपने मन की बात बयां कर रहे हैं। भारतीय सिनेमा में भी कई ऐसी फिल्में बनी हैं जिनमें युवाओं को विरोध प्रदर्शन करते दिखाया गया है। आमिर खान की फिल्म रंग दे बसंती से लेकर मैं आजाद हूं तक कई फिल्मों में इसकी झलक देखने के मिली है।*

**रंग दे बसंती** : फिल्म रंग दे बसंती 2006 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में युवाओं के प्रदर्शन की ताकत को दिखाया था। फिल्म की कहानी कॉलेज लाइफ का लुफ्त उठाने वाला एक ग्रुप के बारे में थी, जो हमेशा राजनीति से दूर रहता है। एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग करते वक्त वह स्वतंत्रता के लिए वह देश की आजादी के लिए लड़ने वाले चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, अशफाकुल्लाह खान और बिस्मिल के किरदार के बारे में पढ़ते और जानते हैं। आगे जब उनका एक दोस्त विमान हादसे में मारा जाता है उसके उन्हें लोकतंत्र का महत्व समझ आता है। युवा पीढ़ी पर बनी यह फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्म का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया था। इसमें आमिर खान, सोहा अली खान, आर माधवन और शरमन जोशी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे।



**नो वन किल्ड जेसिका** : मशहूर जेसिका लाल हत्याकांड पर बनी फिल्म 'नो वन किल्ड जेसिका' में एकता की शक्ति को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी जेसिका को न्याय दिलाने पर आधारित थी। जेसिका एक बार टेंडर थीं, जिनकी एक नेता के बेटे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिल्म में जेसिका के निधन के बाद उसकी बहन सबरीना को न्याय पाने के लिए संघर्ष करते दिखाया गया है। इस फिल्म में दिखाया कि शांतिपूर्ण ढंग से भी प्रदर्शन किया जा सकता है। जेसिका के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए युवाओं और लोगों द्वारा किए गए कैंडल मार्च से लेकर पोस्टर मार्च तक, फिल्म में सच्चाई की जंग को दिखाया गया। इस फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदार में थीं, निर्देशक राज कुमार गुप्ता थे।

**हासिल** : फिल्म 'हासिल' 2003 में रिलीज हुई थी। फिल्म के निर्देशन तिग्मांशु धूलिया ने किया था। कहानी प्रयागराज स्थित यूनिवर्सिटी में होने वाली स्टूडेंट पॉलिटिक्स के उतार-चढ़ाव के बारे थी। इसमें लव स्टोरी भी दिखाई गई जो इन सबके बीच फंसी हुई है। फिल्म स्टूडेंट पॉलिटिक्स के मुद्दे, एक्टिविज्म और जागरुकता को एक सधे हुए तरीके से पेश करती है। इसके साथ ही लोकतंत्र में युवाओं के भविष्य का महत्व भी समझाती है। फिल्म में जिमी शेरगिल, इरफान खान और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य किरदारों में थे।

***युवा*** *: फिल्म 'युवा' 2004 में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी समाज में होने वाली गुंडागर्दी और उसका कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों पर होने वाले प्रभाव को भी दिखाया गया। अजय देवगन ने फिल्म में कॉलेज में पढ़ने वाले लड़के माइकल का किरदार निभाया। माइकल, जो कॉलेज का स्टूडेंट लीडर भी है और समाज में बदलाव भी लाना चाहता है पर राजनैतिक भ्रष्ट नेताओं के कारण वह कई मुश्किलों से घिरा रहता है। माइकल पर कई हमले होते हैं। मगर वो उसका मनोबल नहीं तोड़ पाते। फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। इसमें अजय के अलावा अभिषेक बच्चन, विवेक ओबेरॉय, रानी मुखर्जी, करीना कपूर और एशा देओल जैसे कलाकार थे।*

***मैं आजाद हूं*** *: फिल्म मैं आजाद हूं 1989 में रिलीज हुई थी। फिल्म का गाना 'इतने बाजू इतने सर' काफी मशहूर हुआ था। इस गाने को अमिताभ बच्चन ने खुद गाया था। फिल्म में एक महिला पत्रकार की करप्शन के खिलाफ जंग और और उसमें एक साधारण इंसान के भागदौड़ को दिखाया गया। फिल्म की पटकथा समाजिक एकता और संघर्ष के खिलाफ होने वाली लड़ाई से प्रभावित है। इस फिल्म में शबाना आजमी और अमिताभ बच्चन ने मुख्य किरदार निभाया था।*

## खबर संक्षेप

### सेमरा कठरा के किसानों को राजस्व पट्टा एवं किसान किताब दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** ग्राम पंचायत सेमरा कठरा के किसानों को राजस्व पट्टा एवं किसान किताब उपलब्ध कराने की मांग तेज हो गई है। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जशपुर जिला प्रभारी अशोक रस्तोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन भेजकर इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेमरा कठरा वर्ष 2014-15 में राजस्व ग्राम घोषित किया गया था। गांव का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है तथा नक्शा-खसरा तैयार कर एसडीएम द्वारा कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा को भेजा जा चुका है। बावजूद इसके निवासरत करीब 200 किसानों को अब तक राजस्व पट्टा और किसान किताब नहीं मिल सकी है। अशोक रस्तोगी ने कहा कि किसानों को वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि ग्रामीणों की मांग राजस्व पट्टा दिए जाने की है। वन अधिकार प्रमाण पत्र मिलने से किसानों को कई शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। साथ ही बच्चों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।अशोक रस्तोगी ने सेमरा कठरा के किसानों राजस्व पट्टा एवं किसान किताब प्रदान करने की मांग की गई है।

### नीट पेपर लीक व बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश काँग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक काँग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रधानमंत्री का प्रतिकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस प्रदेश संयुक्त महामंत्री की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी पर नीट पेपर लीक, ख़राब अर्थव्यवस्था, बेतहाशा महंगाई कर देश के छात्रों का भविष्य ख़राब करने का आरोप लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया,पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया मगर कार्यकर्ता झुमझटकी के बीच पुतला जलाने में सफल रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाज़ी भी की।कार्यक्रम को नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, रमेश दनोदिया, ज़फ़र हैदर, अनुपम फिलिप ने संबोधित किया,इस दौरान रणविजय सिंह, मनोज डालमिया, आशीष यादव, पार्षद चंदन सिंह, आकाश साहू, भावना नेताम, वीरेंद्र मिश्रा, मेहताब आलम, अविनाश यादव, सज्जाद खान, संजय सोनी, दिलीप सोनी, पार्षद हर्ष दनोदिया, पार्षद संतोष जायसवाल, रूप नारायण राजवाड़े, नीरज सिंह, संदीप शर्मा, धर्मेंद्र बिट्ठल, दीप्ति स्वाईं, छन्दा श्री, गीता पुरी, रश्मि शर्मा, चंदा सिंह, राजकुमारी जायसवाल, निशा तिर्की सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रैली निकाल कांग्रेसियों ने किया विरोध-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**धौरपुर।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम सिंह के नेतृत्व में पेट्रोल पंप चौक से रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया तथ पुतला फूंका। रैली नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची तहां पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने एवं पेपर लीक मामले में कठोर कानून बनाए जाने की मांग की गई है। रैली में गंगा प्रसाद, दिलीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मनोज यादव, संजय सिंह, सुभाष यादव, फरीद खान, अतुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने पैदल मार्च कर किया विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**लखनपुर।** शिक्षा व्यवस्था में भारी अनियमितता और जंतर मंतर पर हुए छात्रों के साथ पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से लेकर माता कर्मा चौक हनुमान मंदिर तक शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च निकाला और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से तीन सूत्रीय मांगों के पूरा किए जाने की बात कही गई है। तीन सूत्रीय मांगों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा,जंतर मंतर पर हुए छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार में दोषियों के ऊपर कार्यवाही और नीट के पेपर लीक मामले में संसद में चर्चा कर दोषियों के उपर कार्यवाही की मांग की गई है। पैदल मार्च कांग्रेस कार्यालय से निकल नगर के बसस्टैंड होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुँचा जहाँ केन्द्र सरकार के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान अमित सिंहदेव,वीरेंद्र सिंह देव, शराफत अली, सतेंद्र राय, रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, अजर राम चौधरी, इरशाद खान, गप्पू खान, भूपेंद्र जायसवाल, स्वप्निल शर्मा, भूपेंद्र सिंह, भानु राजवाड़े, मकसूद हुसैन, इमरान हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

### चीफ पायलट कैप्टन, टेक्निकल एडवाइजर, कैप्टन सहित अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

# तामेश्वर नगर हवाई पट्टी के उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम, लोगों में जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**
- एयरपोर्ट के रूप में भी विकसित करने की संभावनाएं

क्षेत्र के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। अब रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र का तामेश्वर नगर भी भविष्य में हवाई यातायात से जुड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री रामविचार नेताम के निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। लोगों का कहना है कि तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का शीघ्र उन्नयन कर हवाई सेवाएं प्रारंभ होती हैं, तो रामानुजगंज विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ में व्यापार, पर्यटन, निवेश, चिकित्सा सुविधाओं और आपदा प्रबंधन को नई गति मिलेगी।

छत्तीसगढ़ शासन के चीफ पायलट कैप्टन देवेंद्र सचान, टेक्निकल एडवाइजर अनिल कुमार राय तथा कैप्टन ओंकार तिवारी सहित विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम ने लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा भविष्य में हवाई संचालन की संभावनाओं का गहन परीक्षण किया गया। चीफ पायलट कैप्टन देवेंद्र सचान ने स्वयं कई बार फोर-व्हीलर वाहन चलाकर पूरी हवाई पट्टी का परीक्षण किया तथा उसके गुण-दोषों का तकनीकी मूल्यांकन करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं उन्नयन के निर्देश दिए। अधिकारियों ने हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने, आवश्यक तकनीकी सुविधाएं विकसित करने तथा अन्य आधारभूत व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान स्वरूप में आवश्यक तकनीकी सुधार पूर्ण होने के बाद इस हवाई पट्टी का उपयोग प्रारंभिक रूप से शासकीय विमान तथा एयर एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए किया जा सकता है, जिससे क्षेत्रवासियों को गंभीर परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा एवं राहत सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। भविष्य में इसे नियमित हवाई यातायात के अनुरूप विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। इस संबंध में वन विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ भी विशेषज्ञ टीम ने विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर आगामी कार्ययोजना के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के नेता जयप्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि शैलेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, सिद्धांत यादव, कमल मंडल, कर्णधर राय, गौरव राज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।



हवाई पट्टी का निरीक्षण करते अधिकारी।

**निरीक्षण से जगी उम्मीद**

निरीक्षण के बाद क्षेत्र में यह उम्मीद और मजबूत हुई है कि मंत्री रामविचार नेताम के प्रयासों से तामेश्वर नगर हवाई पट्टी शीघ्र ही जनसामान्य के लिए हवाई सेवाओं हेतु उपलब्ध हो सकती है। विशेषज्ञ अधिकारियों ने लगभग 15 वर्ष पूर्व निर्मित इस हवाई पट्टी की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में उस समय इस प्रकार की दूरदर्शी पहल अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह हवाई पट्टी क्षेत्र के विकास का नया द्वार खोल सकती है तथा इसे आगे चलकर एक कमर्शियल एयरपोर्ट के रूप में भी विकसित किए जाने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

**आपदा प्रबंधन को मिलेगी नई गति**

क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का शीघ्र उन्नयन कर हवाई सेवाएं प्रारंभ होती हैं, तो रामानुजगंज विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ में व्यापार, पर्यटन, निवेश, चिकित्सा सुविधाओं और आपदा प्रबंधन को नई गति मिलेगी। यह उपलब्धि क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री रामविचार नेताम की दूरदर्शी सोच और निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण परिणाम मानी जा रही है।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल से फरार हुआ मरीज, परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज फरार हो गया। मरीज के अचानक लापता हो जाने से परिजन परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात है बावजूद इसके मरीज के फरार हो जाने से अब प्रबंधन सहित सुरक्षा गार्ड के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है। इधर मरीज की तलाश के लिए परिजन थाना के चक्कर लगा रहे है।

जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम बासेन निवासी लाल बिहारी रवि आ. रामनाथ रवि (40 वर्ष) को सोमवार को अचानक झटका जाने पर परिजन उसे राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मरीज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। लाल बिहारी को मेडिकल वार्ड में भर्ती कर चिकित्सक उपचार कर रहे थे। मंगलवार को दिन लगभग 11.30 बजे पत्नी श्रद्धा पति के साथ वार्ड में थी। इसी बीच मरीज लाल बिहारी बाथरूम की ओर जाने लगा जिसे देख पत्नी बाथरूम जाने की आशंका पर वार्ड में थी। पति के वापस नहीं आने पर जब पत्नी बाथरूम गई तो पता चला की वह नहीं है। काफी खोजबीन के बाद जब मरीज का पता नहीं चला तो परिजन ने घटना की सूचना अस्पताल प्रबंधन के साथ पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि मरीज बीच के गेट से बाहर निकला था। इधर परिजन गुम इंसान का मामला दर्ज कराने मणिपुर थाना गए तो पुलिस ने भर्ती पर्ची की मांग की जब परिजन वार्ड में भर्ती पर्ची की मांग की तो वार्ड से उन्हें भर्ती पर्ची ही नहीं दिया गया जिससे अब परिजन फरार मरीज की रिपोर्ट दर्ज कराने अस्पताल की चक्कर लगा रहे।

## शहर में सड़क पर कब्जा, तहसीलदार न्यायालय ने जारी किया बेदखली आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 3 दिन में हटेगा अतिक्रमण

सूरजपुर शहर में शासकीय सड़क की भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामले में राजस्व न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। न्यायालय ने भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर बने ट्रिपल स्टोरी भवन, कार्यालय, फैक्ट्री एवं बाउंड्रीवाल को अतिक्रमण मानते हुए संबंधित कब्जाधारी रितेश अग्रवाल को बेदखल करने का आदेश जारी किया है।

राजस्व अभिलेखों के अनुसार सूरजपुर स्थित शासकीय सड़क मद में दर्ज भूमि पर पक्का ट्रिपल स्टोरी भवन, कार्यालय, फैक्ट्री एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कर कब्जा किया गया है। इसी आधार पर राजस्व न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई प्रारंभ की गई। सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता कुंजबिहारी गुप्ता ने न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर बने भवन में फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है तथा अतिक्रमण हटाया जाना आवश्यक है। दूसरी ओर रितेश अग्रवाल ने न्यायालय में विस्तृत जवाब पेश कर पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण और तथ्यों के विपरीत बताया। उन्होंने दावा किया कि पंचनामा उनकी अनुपस्थिति में तैयार किया गया, पुराने राजस्व नक्शे का सही परीक्षण नहीं किया गया तथा शासकीय भूमि पर कब्जे का आरोप निराधार है। उन्होंने दोनों पक्षों की उपस्थिति में पुनः सीमांकन और संयुक्त स्थल निरीक्षण कराने की मांग भी की। प्रकरण की सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के रिट क्रमांक 866/2026 डीके सोनी एवं अन्य बनाम शासन में पारित आदेश की प्रति भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। राजस्व न्यायालय ने पटवारी की रिपोर्ट, अभिलेखों एवं प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद माना कि संबंधित भूमि शासकीय सड़क के रूप में दर्ज है। उस पर निर्माण कर कब्जा किया जाना प्रमाणित होता है। इसके आधार पर न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने एवं संबंधित व्यक्ति को बेदखल करने का आदेश पारित किया। आदेश में निर्देश दिया गया है कि संबंधित तीन दिवस के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाकर न्यायालय में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में आदेश का पालन नहीं होने पर राजस्व विभाग नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई करेगा।



## शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को लड्डू के साथ मिली थाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम



संकुल केंद्र मंगारी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही बच्चों को लड्डू के साथ थाली वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाने के साथ ही संकुल समन्वयक लव कुमार गुप्ता ने नव पहल करते हुए प्राथमिक स्तर के कक्षा पहली के सभी नवप्रवेशी बच्चों को अपनी ओर से थाली प्रदान किया। संकुल केंद्र मंगारी अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक शाला के कर्मचारियों को कक्षा 2री से 5वीं तक के अध्ययनरत समस्त बच्चों को अपनी ओर से वितरण करने की बात कही। संकुल केंद्र के सभी प्रधान पाठक और कर्मचारियों ने प्राथमिक शाला मंगारी के शशि सरोज बरवा और सरिता एक्का, बनिया टिकरा से गंगेश्वर राम पैकरा और चिंतामणि मिंज, माझापारा से मंजुला शांता टोप्पो और अन्नपूर्णा मैडम, कपाट बहरी से वीरेंद्र भगत और विमला गुप्ता,कोरवापारा से आनंद राम,टुकूपानी से सुमति सिंह और रामेश्वरी सिंह ने सहमति जताते हुए थाली क्रय कर आज सभी बच्चों को प्रवेश उत्सव के अवसर पर थाली प्रदान किया। अब कोई भी बच्चा अपने घर से थाली लेकर नहीं आएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरि गुप्ता से माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए भी अपेक्षा जाहिर कि गई तो उन्होंने इस नई पहल की सराहना करते हुए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। हरि गुप्ता ने कहा कि सुशासन की सरकार में बच्चों के सर्वांगीण विकास में कोई भी चीज बाधा नहीं आएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति पर अध्यक्ष दुर्योधन पैकरा और मुख्य अतिथि हरि गुप्ता द्वारा नगद पुरस्कार बच्चों को दिया गया। कार्यक्रम को नरेंद्र पैकरा, ईश्वर यादव,चूड़ामणि दास ने भी संबोधित किया। इस दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री शरद चंद्र मेषपाल, विनीत कुमार पाल, अनिल कच्छप,रजनीश प्रसाद मिश्र, जूगेश्वर राम, राम कुमारी दीवान, देवमती पैकरा, विनोद दास, राकेश प्रसाद द्विवेदी, लिली मॉरिश केरकेट्टा,जमुना नायक, ख्रीस्त मंजुला तिर्की, सुभद्रा माझी,लव कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

## छुट्टे की किल्लत से जूझ रहे स्थानीय व्यापारियों को एसबीआई व चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने वितरित किए सिक्के



**बिश्रामपुर।** स्थानीय व्यापारियों को छुट्टे पैसों की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को बस स्टैंड बिश्रामपुर में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बिश्रामपुर के संयुक्त तत्वावधान में पांच,दस व बीस रुपये के सिक्कों का वितरण किया गया,कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारीयों ने कहा कि व्यापारियों की सुविधा और दैनिक कारोबार को सुगम बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे, ताकि चेंज पैसों सिक्कों की उपलब्धता बनी रहे और लेन-देन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,जतिन तायल, विजय गोयल (कालू), प्रदीप गर्ग, नितिन गोयल, सावन गोयल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे,व्यापारियों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार सिक्के प्राप्त किए और इस पहल की सराहना की।

**TOP IN KORIYA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों में जुटा सर्व आदिवासी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर में आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के भव्य आयोजन को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजपुर विकासखंड के समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत योजना तैयार की गई। बैठक में समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक पहचान को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विशाल रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक सहभागिता तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न आयोजन करने पर सहमति बनी। साथ ही जिले के सभी गांवों एवं पंचायतों से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने की तैयारी चल रही है। आयोजन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में सुबह सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित विभिन्न सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक प्रतिनिधियों ने समाज की एकजुटता को और मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए जिले के प्रत्येक गांव तक कार्यक्रम का संदेश पहुंचाने की बात कही।

### आम सूचना

मैं, मोहम्मद कलीम आ. मोहम्मद क्यूम, आयु 45 वर्ष, निवासी ग्राम शिवपुर चरचा, थाना चरचा, तहसील बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग. का निवासी हूं, जो निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूं–
01/ यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम MOHAMMAD KAYYUM दर्ज हो गया है, जो कि गलत है।
02/ यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मोहम्मद क्यूम / MOHAMMAD QUOM दर्ज है, जो कि सही है।
03/ यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम MOHAMMAD KAYYUM सुधार कर मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिता का नाम मोहम्मद क्यूम / MOHAMMAD QUOM दर्ज किया जावे, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

हस्ता.शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं, मोहम्मद कलीम आ. मोहम्मद क्यूम, सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लगायत 03 तक की कथन मेरी स्वत: की जानकारी से सत्य व सही हैं। आज दिनांक 20/07/2026 को स्थान बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

हस्ता.शपथकर्ता









## खबर संक्षेप

### 31 जुलाई तक दाखिल करें आईटीआर

**चिरमिरी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 (आकलन वर्ष 2026-27) के लिए आयकर रिटर्न (ईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। समय पर और सही जानकारी के साथ रिटर्न दाखिल करना प्रत्येक करदाता की जिम्मेदारी है। अंतिम तिथि के बाद रिटर्न दाखिल करने पर लेट फीस, ब्याज और अन्य कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए नितेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिना पूरी जानकारी या केवल सोशल मीडिया के भरोसे ईटीआर दाखिल करने से बचना चाहिए।

### लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े के निदेर्शानुसार अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार एवं नम्रता डोंगरे की अध्यक्षता में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत लाई स्थित अमृतधारा डीपीआरसी भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम लिंगराज सिदार, शशि शेखर मिश्रा, विजयेंद्र सिंह सारथी, इंदिरा मिश्रा सहित समस्त तहसीलदार मौजूद रहे। इस बैठक में राजस्व विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

### न्योता भोज से खिल उठीं नन्हीं मुस्कानें

**मनेन्द्रगढ।** ग्राम पंचायत लाई स्थित अमृतधारा डीपीआरसी भवन के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार एवं नम्रता डोंगरे, समस्त एसडीएम एवं समस्त तहसीलदारों की उपस्थिति में आज प्राथमिक शाला अमृतधारा के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी 20 छात्र-छात्राओं ने आनंद और उत्साह के साथ सामूहिक भोजन किया।

### तहसीलदार ने तीन नव नियुक्त एल्डरमैन को दिलाई शपथ

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में नगर पंचायत सभा कक्ष में शासन द्वारा कुसमी नगर पंचायत में 3 मनोनीत नव नियुक्त एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। तहसीलदार रॉकी एक्का द्वारा नव नियुक्त एल्डरमैन उमेश्वर ओझा, केदार प्रसाद गुप्ता, ममता पैकरा को शपथ दिलाई। शपथ समारोह में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा सहित उपस्थित सभी भाजपा वरिष्ठ नेता सहित अतिथियों का कुसमी नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नपं अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों द्वारा स्वागत किया गया। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सभी पार्षद एवं नगर वासियों की सहयोग से नगर पंचायत में विकास कार्य कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा तीनों एल्डरमैन की नियुक्ति बहुत ही सोच समझ कर की गई है जिससे नगर पंचायत कुसमी का चौमुखी विकास कार्य हो सके। सभी को आपसी सामंजस्य से नगर का विकास करना है।

## सशिमं में किशोर एवं कन्या भारती शपथ ग्रहण

# अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की भावना को आत्मसात करें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में किशोर एवं कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, सेवा, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ पद एवं दायित्व की शपथ ली। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल दुग्गड़ ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समिति के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्रा, नीरज अग्रवाल, उत्तम दुग्गड़, पदमचंद अग्रवाल, राम चरित द्विवेदी , पीयूष अग्रवाल, अनिरुद्ध शुक्ला, महेंद्र अग्रवाल, प्रधानाचार्य विनोद कुमार शुक्ला एवं चेतन गोयल उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय के नव-निर्वाचित किशोर एवं कन्या भारती के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ



दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शपथ केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवनभर निभाए जाने वाले दायित्वों का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समय की पाबंदी, ईमानदारी और सेवा की भावना को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक, वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासक और राष्ट्र के कर्णधार बनेंगे। यदि विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे तो देश निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुंदर लाल दुग्गड़ ने विद्यार्थियों को अपने दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी। अतिथियों ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का संचालन विद्यालय की शिक्षिका नीतू सिंह द्वारा किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ

प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक अत्यंत गरिमामयी एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा तथा भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस एवं सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। कारगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और 1999 के ऑपरेशन विजय की ऐतिहासिक सफलता के स्मरण में मनाया जाता है।

प्रातः निर्धारित समय पर विद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में सभी विद्यार्थी अपने-अपने कक्षा शिक्षकों के साथ एकत्रित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र एवं सामूहिक प्रार्थना से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक एवं अनुशासित बना दिया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्रा वैभवी द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई। सभा के अगले चरण में प्राचार्य अश्वनी




वर्मा तथा अन्य शिक्षकों द्वारा कारगिल युद्ध के अमर वीर कैप्टन विक्रम बत्रा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मौन रहकर उन वीर सपूतों के अमूल्य बलिदान को नमन किया, जिनकी वीरता ने भारत की सीमाओं की रक्षा करते हुए इतिहास रचा। कार्यक्रम के दौरान हर्ष द्वारा नया शब्द तथा स्तुति द्वारा दैनिक सुविचार प्रस्तुत किया गया, जिसने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, साहस और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी वर्मा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्रनिष्ठा का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में ईमानदारी, अनुशासन, कर्तव्यपरायणता एवं देशभक्ति को सर्वोच्च स्थान दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके जागरूक, संस्कारित एवं उत्तरदायी नागरिकों में निहित होती है। संस्था की निदेशिका एवं लोकप्रिय नेत्री पूनम सिंह ने अपने संदेश में कहा कि ₹कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि राष्ट्र के उन अमर वीरों के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का पावन अवसर है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। इसके उपरान्त शिक्षिका प्रतिभा सिंह द्वारा प्रस्तुत ओजस्वी एवं भावपूर्ण कविता ने सम्पूर्ण सभागार को राष्ट्रप्रेम की भावनाओं से अभिभूत कर दिया।

## विद्यार्थियों के लिए योग एवं संतुलित आहार विषय पर कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल में पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए योग एवं संतुलित आहार विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, युवा योग प्रशिक्षक विवेक कुमार तिवारी एवं महिला योग प्रशिक्षिका नीलू सिंह उपस्थित रहीं।

विद्यालय के लगभग 350 विद्यार्थियों तथा समस्त शिक्षक समुदाय की उपस्थिति में नीलू सिंह ने हथेली दर्शन, भूमि नमन मंत्र एवं संतुलित आहार के महत्व पर सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कारों से जोड़ते हुए योग, प्राणायाम और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश




उपाध्याय ने ऊँ के उच्चारण एवं उसकी ध्वनि तरंगों से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी दी। वहीं युवा योग प्रशिक्षक विवेक कुमार तिवारी ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रभावशाली प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विषय आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया

# स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता खराब, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भाजपा नेता एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मुलाकात कर और नपा अध्यक्ष को ज्ञापन देकर स्ट्रीट लाइट से संबंधित कार्यों में गुणवत्ता विहीन लाइटें एवं अमानक स्तर के तार लगाए जाने की शिकायत की है। अपने ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि, विष्णु देव साय की राज्य सरकार द्वारा बैकुण्ठपुर नगर पालिका परिषद के भीतरशहर में बेहतर रोशनी की व्यवस्था के लिए करोड़ो रूपयों की ट्यूबलर पोल सह स्ट्रीट लाइट के कार्य स्वीकृत किए हैं।

किंतु जगह-जगह पर लगी नई नवेली लाइटें भी नहीं जल रही हैं, इसके अतिरिक्त जो कार्य वर्तमान में कराए जा रहे हैं उनमें भी बिना



मान्यता प्राप्त सामग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। चूंकि इन सामने दिखने वाली चीजों में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है अतः ट्यूबलर पोल के भी अमानक स्तरीय होने की पूरी आशंका है। वर्तमान सरकार ने नगर विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध करवाई है किन्तु ठेकदारों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। जबकि वर्तमान में बरसात का मौसम है ऐसे में वाहन चालकों पैदल चलने वालों को सबसे ज्यादा जरूरत प्रकाश व्यवस्था की होती है। यदि इस दिशा में सही कार्य नहीं किए गए तो दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। इस संबंध में शारदा गुप्ता द्वारा संचालक नगरीय प्रशासन अंबिकापुर सरगुजा संभाग को भी ज्ञापन देकर जांच एवं कार्यवाही हेतु आग्रह किया है। साथ ही यह भी कहा है यदि इस संबंध में शीघ्र जांच एवं कार्यवाही नहीं की जाती है तो मुख्यमंत्री, संबंधित मंत्रालय एवं उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही के लिए आग्रह किया जाएगा।

## साइबर सुरक्षा एवं ई-कोर्ट सेवाओं का प्रशिक्षण



**अनूपपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में होटल मंदाकिनी में पैरालीगल वॉलेंटियर्स के लिए ₹उकर साइबर सुरक्षा₹ विषय पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में माया विश्वलाल ने डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रावेन्द्र सोनी ने पैरालीगल वॉलेंटियर्स की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों को ई-कोर्ट सेवाओं से जोड़ने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान सिस्टम ऑफिसर पवन सिंह ने केस स्टेटस, ई-फाइलिंग, ई-पे एवं अन्य ऑनलाइन न्यायिक सेवाओं का लाइव प्रदर्शन किया। साइबर सेल के हेड कॉन्स्टेबल राजेन्द्र अहिरवार एवं जिला सूचना अधिकारी देवेंद्र कुमार देवांगन ने साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, मजबूत पासवर्ड, तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी।

# अमृत हरित महाअभियान में 500 पौधे रोपे गए




**बिजुरी।** पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का स्वरूप देनें की दिशा में नगर नगरपालिका द्वारा गुरुवार को एक सराहनीय पहल करते हुए अमृत हरित महाअभियान के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया।

नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, शासकीय परिसरों, धार्मिक स्थलों एवं सड़क किनारे लगभग 500 पौधों का रोपण किया गया। अभियान की विशेषता यह रही कि केवल पौधे लगाने तक ही पहल सीमित नहीं रही, बल्कि प्रत्येक पौधे की सुरक्षा, घेराबंदी, नियमित सिंचाई एवं संरक्षण का भी सामूहिक संकल्प लिया गया, ताकि आने वाले वर्षों में यही पौधे हरियाली की मजबूत पहचान बन सकें। नगर पालिका अध्यक्ष सहबिन लखन पनिका उपाध्यक्ष प्रीती सतीश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद बार्ड 13 कलावती रामसिंह, वार्ड 12 लक्ष्मी मुकेश शुक्ला, वार्ड नं 05 अन्नू देवी, वार्ड नं 07 बिमला पटेल, बार्ड नं 06 नमिता कैलाश कोल , इन्जिनियर देवल सिंह, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि, नगर पालिका ब्रांड एम्बेसडर कौलास कोल, पूर्व पार्षद पिन्टू रजक, पूर्व पार्षद इस्लाम अली, सकील मन्सूरी, नीलमणि, स्वक्षता प्रभारी डी.एन. मिश्रा, तरुण मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, सुरेश धनवार, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, सफाई मित्र एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### अमृत हरित महा अभियान के तहत रोपे गए 1500 पौधे

**अनूपपुर।** पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का स्वरूप देने की दिशा में नगर परिषद डोला ने एक सराहनीय पहल करते हुए अमृत हरित महाअभियान के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया। नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, शासकीय परिसरों, धार्मिक स्थलों एवं सड़क किनारे लगभग 1500 पौधों का रोपण किया गया। अभियान की विशेषता यह रही कि केवल पौधे लगाने तक ही पहल सीमित नहीं रही, बल्कि प्रत्येक पौधे की सुरक्षा, घेराबंदी, नियमित सिंचाई एवं संरक्षण का भी सामूहिक संकल्प लिया गया, ताकि आने वाले वर्षों में यही पौधे हरियाली की मजबूत पहचान बन सकें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखनलाल पनिका के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष रीनू सुरेश कोल, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि राकेश पांडे, पार्षद अवधेश राय, पार्षद पति शैलेश सिंह, महादेव गोस्वामी, राकेश कोल, जगदीश जायसवाल, नवनिर्मित एल्डरमैन मीना यादव, बैजनाथ मेहता, लालमन यादव, कैलाश कोल, प्रेमचंद यादव, राजधार दुबे, अनिल साव, धर्मेंद्र नाहर, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, सफाई मित्र एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता रही।

# मिठाई का पैकेट व मोबाइल दिलाने की लालच देकर मासूम का अपहरण, पुलिस सर्चिंग में 9 घंटे बाद सकुशल बरामद

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के रैक प्वाइंट समीप स्थित झुग्गी बस्ती से एक पांच वर्षीय बच्चे के संदिग्ध परिस्थितियों में

- **बच्चे का मुंह व हाथ बांधकर एक ट्रक के केबिन में रखा गया था, बिश्रामपुर पुलिस अपराध दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फूटेज खंगाल रही**

लापता होने से बुधवार शाम हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने देर रात तक सर्चिंग अभियान चलाया और करीब नौ घंटे बाद बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2)/173 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े चार से पांच बजे के बीच बच्चा अन्य बच्चों के साथ रेलवे स्टेशन के पास मैदान में खेल रहा था। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और बच्चों को मिठाई खिलाने लगा। बच्चों के अनुसार युवक ने पांच वर्षीय बच्चे को मोबाइल और मिठाई का पैकेट देकर अपने साथ घूमने चलने की बात कही और उसे वहां से ले गया। काफी समय गुजर जाने के बाद तक बच्चा जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

साथ खेल रहे बच्चों से पूछताछ में मिठाई का लालच देकर युवक द्वारा बच्चे को ले जाने की जानकारी मिलने पर परिजन घबराकर सीधे बिश्रामपुर थाने पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन देर रात तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर मध्यरात्रि में पुनः सघन सर्चिंग अभियान चलाया। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने रात्रि करीब 1:45 बजे बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। दूसरे दिन पूछताछ में बच्चे ने बताया कि युवक उसे मोबाइल और मिठाई देकर अपने साथ ले गया था तथा एक ट्रक के केबिन में उसका मुंह बांधकर रखा था,घटना रेलवे रैक प्वाइंट में खड़े ट्रकों के बीच घटित होना बताया जा रहा है। पुलिस ने बच्चे के बताए अनुसार एक संदिग्ध ट्रक को थाने में खड़ा कर उसके मालिक से पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि ट्रक मालिक के बयान में विरोधाभास सामने आने से मामला और उलझ गया है। आरोपी युवक घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि इसकी फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस इस पहलू सहित मामले के सभी बिंदुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। रैक प्वाइंट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चे की सकुशल बरामदगी से जहां परिजनों ने राहत की सांस ली है, वहीं इस घटना ने क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नीट-2026 के...

मोहम्मद अयाज (पिता- अब्दुल अजीज, माता- तबस्सुम) तथा ईशान कुमार सिंह (पिता- स्व. संजय कुमार सिंह, माता- अंजू सिंह) को मेमोंटो एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। खड़गवां निवासी नीट में सफल छात्र अनुराग त्रिपाठी (पिता- धनेशनाथ त्रिपाठी, माता- ललिता त्रिपाठी) किसी कारणवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। इस पर समाज ने निर्णय लिया कि खड़गवां इकाई के पदाधिकारी उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगे। सम्मानित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर किए गए कठिन परिश्रम को दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर ही यह सफलता संभव हो सकी। छात्र ईशान कुमार सिंह ने भावुक होकर कहा कि उनके पिता चिकित्सक थे और उनका सपना था कि उनका बेटा भी डॉक्टर बने। आज भले ही उनके पिता इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह डॉक्टर बनकर उनके सपने को अवश्य पूरा करेंगे। वहीं आदित्य अग्रवाल और निपुण जैन ने बताया कि उनके पिता स्वयं डॉक्टर बनना चाहते थे, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों और परिस्थितियों के कारण उनका सपना अधूरा रह गया। अब वे डॉक्टर बनकर अपने पिता का अधूरा सपना साकार करेंगे। अनुराग मिश्रा और मोहम्मद अयाज ने अपनी तैयारी का अनुभव साझा करते हुए बताया कि दोनों ने ऑनलाइन माध्यम से लगातार साथ पढ़ाई की और एक-दूसरे का मनोबल बढ़ाते हुए सफलता हासिल की। उन्होंने विश्वास जताया कि आगे भी साथ मिलकर मेडिकल शिक्षा पूरी करेंगे और बेहतर चिकित्सक बनेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे, बीरेंद्र श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव तथा श्रेयश श्रीवास्तव ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर लखन लाल श्रीवास्तव, बीरेंद्र श्रीवास्तव, डी.के. श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा, नरेंद्र श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, धनंजय सिन्हा, स्वप्निल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के पदाधिकारी, सदस्य, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बिजुरी-मनेंद्रगढ़ मुख्य...

सामना कमरतोड़ गड्ढों और लबालब भरे गंदे पानी से होता है। पानी से भरे इन गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना किसी भी अजनबी या स्थानीय राहगीर के लिए नामुमकिन है। यह समझ ही नहीं आता कि आगे सड़क है, कोई गहरा गड्ढा या सीधे दुर्घटना कराने वाली खाई। मासूम स्कूली बच्चों की जान जोखिम में, रोज हो रहे हादसे इस प्रशासनिक लापरवाही का सबसे खतरनाक और दर्दनाक पहलू यह है कि इस मार्ग से रोज मासूम स्कूली बच्चे गुजरते हैं।₹रोज सुबह और दोपहर को छोटे-छोटे बच्चे साइकिल और बाइक से इसी कीचड़-पानी भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर हैं। आए दिन बच्चे इन भयानक गड्ढों का शिकार होकर गिर जाते हैं। उनके कपड़े खराब होते हैं, चोटें आती हैं और कई बार तो बड़ी दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। बारिश के पानी के बीच ही कम से कम मुरुम, गिट्टी या मलबे का भराव तत्काल कराया जाए ताकि गड्ढों की गहराई खत्म हो सके। वार्ड नं. 08 में सड़क पर जमा हो रहे पानी की निकासी का तात्कालिक प्रबंध किया जाए ताकि मुख्य मार्ग दलदल न बने। वहीं पूरे मामले पर नगर पालिका बिजुरी के द्वारा यह आश्वासन दिया गया है बरसात के बाद रोड पूरी तरह से बन जाएगी।

### आरकेवीवी विद्यापीठ में...

प्रबंधक अमन नामदेव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों के स्वागत के बाद विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या अर्चना गुप्ता ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के हिंदी शिक्षक डॉ. अखिलेश कुमार सिंह को उनकी उपलब्धियों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की सांस्कृतिक संध्या में केजी से लेकर कक्षा 9 वीं तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य, समूह प्रस्तुतियां एवं प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों की खूब सराहना बटोरी।

